तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023

11 बोड़की, चरौदा, चरभट्ठी व बारूला में लोगों ने केंद्र की...



12 सड़क चौड़ीकरण में पाइपलाइन फूटने से...





## खबर संक्षेप

### शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ 4 जनवरी से

**छुरा।** नगर के गादीकोट में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन नगर के सियाराम सिन्हा एवं परिजन द्वारा कराया जा रहा है।4 जनवरी 2024 से 10 जनवरी तक आयोजित शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ के कथा वाचक पं योगेश सुरेन्द्र प्रसाद दुबे जी महराज रवेली वाले होंगें। कथा वाचक दुबे जी महराज ने बताया की प्रतिदिन सुबह 6बजे से 9बजे तक परायण पाठ एवं दोपहर 1 बजे से शाम 5बजे तक शिव महापुराण कथा श्रवन का समय रहेगा। 4 जनवरी गुरुवार को मंगल कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ पुराण महत्तम कथा का शुभारंभ होगा। आयोजक सिया राम सिन्हा एवं उनके परिजन प्रेमनारायण, हीरालाल, टांकेशवर, लटेलूराम, लोकेश, ढ़ण्णू,हरीश, चमन, तुलसीराम, भगीरथी, दिलिप णोहर, होरिलाल, बैसाखू, विनोद रेख राम,प्रद्धुमन, विनय ने समाज एवं क्षेत्र वासियों को शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ मे सादर आमंत्रित किये है।

### नववर्ष मिलन समारोह आज रसेला में

**रसेला।** ग्राम रसेला में समस्त व्यापारी संघ द्वारा आज 31 दिसंबर को नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नूतन वर्ष की मंगल बेला पर दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक खेल मैदान रसेला में व्यापारी संघ द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। साथ ही साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखीं गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त व्यापारी संघ जुटे हुए हैं। यहां जानकारी व्यापारी संघ के सचिव भरत यादव ने दी है।

### कचना धुरुवा कॉलेज को बनाया गया परीक्षा केंद्र

**छुरा।** नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय को वार्षिक परीक्षा 2024 के लिए परीक्षा केंद्र बनाने का आदेश मिला है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके साहू ने बताया की बीए, बीकॉम, भाग- एक, दो,तीन के छात्र-छात्राएं नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क के साथ 5 जनवरी 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर हार्ड कापी महाविद्यालय कार्यालय में 30 रुपये अग्रेषन शुल्क के साथ जमा कर सकते है। वही विश्व विद्यालय के निर्देशानुसार 6 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 तक निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त विलंब शुल्क 100 रुपये के साथ ऑनलाईन आवेदन कर हार्ड कापी की प्रति अग्रेषन शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं।वहीं भूगोल या अन्य प्रायोगिक परीक्षा से संबंधीत (अमहाविद्यालयीन छात्र -छात्राएं) पंजीयन के लिए आवेदन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### बेंद्री में विधायक समर्थक निर्विरोध सरपंच निर्वाचित

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत बेन्द्री मे



लगातार दो कार्यकाल से सरपंच पद पर आसीन इन्द्रकुमार साहू के विधायक निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत बेन्द्री मे सरपंच पद के लिए निर्विरोध कौशल साहू को चुना गया है। कौशल साहू विधायक इन्द्रकुमार साहू के कट्टर समर्थक के रूप मे जाने जाते है अब पंचायत की जवाबदारी कौशल साहू के हाथो मे होगी इस उपचुनाव मे कौशल साहू के निर्विरोध निर्वाचित होने पर विधायक इन्द्रकुमार साहू एवं सभी पंच एवं ग्रामवासियो ने बधाई प्रेषित करते कहा कि अब तो हमारे गांव का विकास मे डबल इंजन काम करेगा ग्राम पंचायत के विकास कार्यो को गति मिलेगी हालांकि सरपंच इन्द्रकुमार साहू के जुझारूपन व जागरूकता के चलते विपक्ष मे रहते हुये भी गांव मे इतना काम हुआ है कि यह गांव विकास मॉडल के रूप मे जाना जाता है।

# आज पीले होंगे 9 गरीब बेटियों के हाथ, बैलगाड़ियों में निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ख़ास खबर

नवापारा शहर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई हैं। शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में 9 गरीब बेटियो का विवाह का जिम्मा श्री सालासर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति एवं शहरवासियो ने उठाया हैं।

इन बेटियो के हाथ पीले होने से न केवल उनके माता-पिता बल्कि पूरे शहरवासियो ने प्रसन्नता जाहिर किया हैं। यह आयोजन आज रविवार को दोपहर 2 बजे होने जा रहा हैं। इन बेटियों के दुल्हो की 9 बारात सुसज्जित 9 बैलगाड़ियों में श्री राधाकृष्ण मंदिर से गंज रोड, सदर बाजार होते हुए बाजे-गाजे धूम-धड़ाके के साथ निकलेगी। बाराती और घराती के रूप में दोनों समिति के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल रहेंगे। फेरे शाम 6 बजे गोधुली बेला में पंडित कन्हैंया तिवारी एवं अन्य पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच होगी।

यह जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक राजू काबरा एवं विवाह संयोजक रुपेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि यह बेटियां अत्यंत निर्धन परिवार से हैं जिनके पास कोई जमीन जायदाद नहीं है। केवल मजदूरी के सहारे जीवन यापन करते हैं। इन 9 कन्याओं में एक कन्या चंद्रकला साहू दिव्यांग (नेत्रहीन) है। इस विवाह में नगर एवं अंचल के सभी लोगों का भरपूर सहयोग है। बारात स्वागत के लिए नगर के लोगों में काफी उत्साह है एवं बेटियों एवं दूल्हों को देखने हेतु लालायित हैं।

## बाराती और घराती के रूप में दोनों समिति के अलावा गणमान्य नागरिक होंगे शामिल

### 9 पंडित कराएंगे विवाह

श्री राधाकृष्ण मंदिर बारात पहुंचने के बाद शाम को गोधूलि बेला में कन्हैया महाराज के निर्देशन में 9 बेदियों में 9 पंडित बैठकर विधि विधान से विवाह संपन्न करायेंगे। श्री काबरा ने समस्त नगरवासियों एवं अंचलवासियों से अनुरोध किया है कि ये बेटियां आपकी हमारी है और इनके विवाह में आप सभी इन्हें आशीर्वाद देने अवश्य आएं। मालूम हो कि सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, संरक्षक पवन यदु, मोहन पंजवानी, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी, सचिव गुलाब साहू, सहसचिव ओमप्रकाश शर्मा, विवाह संयोजक रुपेन्द्र चंद्राकर, ब्रम्हानंद साहू, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राठी, नेमी साहू, पप्पू साहू, धनराज साहू, भूपेन्द्र साहू, खिलेश पैगम्बर, राजकुमार यादव, संतोष साहू एवं हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष तारिणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, कार्यकारी अध्यक्ष कु.भारती साहू, कोषाध्यक्ष डॉली निषाद, सचिव कु.पिंकी साहू, सहसचिव मोहिनी, वरिष्ठ सदस्य कविता इसरानी, ईशा, गीता आदि इस आयोजन को सफल बनाने हेतु दिन और रात लगे हुए हैं।





### डेढ़ लाख रुपये के उपहार का प्रावधान

बता दें कि सरकारी आयोजन से कही लाख गुना बेहतर प्रत्येक बेटी को लगभग डेढ़ लाख रुपये के सामान के साथ कन्यादान किया जा रहा है। सामान में भगवान सीताराम के विवाह की तस्वीर, मंगलसूत्र (सोने का), नाक की फुली (सोने की), पायल (चाँदी की), चाँदी की बिछिया, गले का नेकलेस (आर्टिफिसियल), हाफ सेट ज्वेलरी (आर्टिफिसियल), समिति की ओर से लिफाफा, सोलह श्रृंगार का सामान, वधू एवं वर को हाथ घड़ी, भांवर साड़ी, दूल्हे के लिए सफारी सूट, दुल्हन के लिए 7 साड़ी, लेडिस पर्स, वधू की चप्पल, कंबल, दीवान, गद्दा, बेडसीट, तकिया, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, टी टेबल, सिलाई मशीन, आलमारी (गोदरेज टाईप), कूलर, सीलिंग पंखा, बर्तन जाली, डिनर सेट 32 नग स्टील का, मिक्सी, कुकर, आयरन ,जोरन पेटी, बाथरुम सेट, स्टील गुंडी, स्टील जग ,ट्रॉली बैग, एयर बैग, शक्कर 5 किलो एवं प्रमाण पत्र दी जाएगी।

## तीर्थ : इस पावन तीर्थ में तीन नदियां पैरी, सोंढुर व महानदी का संगम

# राजिम में महानदी का बुरा हाल लोगों में सफाई की जगी आस

श्यामकिशोर शर्मा ▶▶| राजिम

हरिभूमि लाईव





पीएम मोदी ने श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से अपने लाइव प्रसारण में साफ-साफ कहा है कि देश के सभी तीर्थ स्थलों का सफाई अभियान मकर संक्रांति 14 जनवरी से 22 जनवरी तक होनी चाहिए। प्रधानमंत्री के इस उदबोधन से छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े तीर्थ प्रयागराज राजिम के लोगों में अब आस जग गई है कि यहां सफाई अभियान युद्धस्तर में चलेगा। बता दें कि भगवान श्रीराम वन गमन के समय कुछ दिन राजिम के लोमष ऋषि आश्रम में रूके थे। यहां माता जानकी जी के हाथों से निर्मित शिवलिंग आज भी लाखों लोगों के आस्था का केंद्र बना हुआ है। इसे कुलेश्वरनाथ महादेव कहते है। भगवान विष्णु के रूप में साक्षात भगवान श्री राजीव लोचन विराजे हुए है। इस पावन तीर्थ में तीन नदियो पैरी,सोंढुर और महानदी एक साथ आकर मिलती है। छत्तीसगढ़ के लाखों लोगों के आस्था का केंद्र इन नदियों का क्या हाल है? आपको तस्वीर से लाइव दिखाते है। लोग यहां बहुत ही श्रद्धा और ▶▶|शेष पेज 11 पर

### मेले के लिए अभी दो महिने का समय

अब तो परिस्थिति भी पूरी तरह से अनुकुल है। डबल इंजन की सरकार है। केंद्र में मोदी है और राज्य में विष्णु जी। ऊपर से कृष्ण कन्हैया मोहन भैया धर्मस्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री के रूप में सामने है। बृजमोहन जी को राजिमवासी कुंभ के शिल्पी के तौर पर मानते और देखते आए है। ये वही राजनेता है जिन्होने राजिम के उत्थान के लिए दिल से काम किया है। राजिम का लक्ष्मण झूला उन्हीं की देन है। कुंभ मेला के पहले उनसे जितना बन पड़ता है वे करते है। तीन जिले गरियाबंद,धमतरी और रायपुर जो दो लोकसभा क्षेत्र महासमुंद और रायपुर के अंतर्गत आता है। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में सांसद भी भाजपा के है। गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा,धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा और रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा में भाजपा के विधायक चुनकर आए है। कहना न होगा कि इन तीनों जिले के सीमा में त्रिवेणी संगम है और तो और प्रयागराज राजिम में पालिका प्रशासन में भाजपा के ही महिला अध्यक्ष विराजमान है। ऐसे अनुकुल समय में महानदी की सफाई के प्रति इन सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियो को दिया जाना चाहिए। मेला के पहले तीनो जिले के कलेक्टर, एसपी सहित पूरा प्रशासन राजिम में नजर आते है। मेले के लिए अभी दो महिने का समय है। अतएव इन तीनों जिले के अफसरो की एक बैठक लेकर पीएम मोदी के सफाई अभियान के संकल्प को यहां निर्देशित करने की जरूरत भर है। इतने में ही महानदी अपने पिछले स्वरूप में आ जाएगी। क्योंकि मकर सक्रांति 14 जनवरी से सफाई अभियान की शुरूआत होने की बात श्रीरामलला की भूमि अयोध्या से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है और यह अभियान 22 जनवरी तक चलाने का है। इन नौ दिनो में राजिम के इन तीनों नदियो का काया पलट हो जाएगा। गर ऐसा होता है तो महानदी मैया और लाखो जनता का आशीर्वाद इन राजनेताओं और जिम्मेदार प्रशासनिक अफसरो को स्वाभाविक रूप से मिलेगा।

# कपास से भरा ट्रक पलटा चालक ने कूदकर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 12 किलोमीटर दुर बाजाघाटी मोड के पास कपास से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसके चारो चक्का ऊपर हो गया। चालक ट्रक से कुदकर जान बचाया जो घायल है। जिसका उपचार मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार देवभोग के तरफ से बड़ी ट्रक आईसर में कपास भरकर रायपुर की ओर ट्रक जा रही थी कि तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे खाई में पलट गई। जिसे आसपास के बिजली के पोल और तार को भी भारी क्षति पहुंची है। वाहन चालक मुस्तकीम खान घायल हो गया है। जिनका उपचार मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है।

### बाइक सवार युवक पुल के रेलिंग से टकराया

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग में शनिवार को सुबह 8 बजे घने कोहरे के कारण मैनपुर की तरफ आ रहे मोटर सायकल सवार युवक रमेश कुमार नवागढ़ के पास पुल के रेलिंग से टकरा गया। जिससे उसके मोटर सायकल के सामने हिस्सा पुरी तरह चकनाचूर हो गया है और युवक घायल हो गया।

# भाभी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



अवैध संबंध के शक में देवर ने अपनी भाभी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी देवर हेमनारायण निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। मामला छुरा क्षेत्र के ग्राम करचाली का है जहां 29 दिसंबर को ग्राम करचाली के ग्राम कोटवार के द्वारा फोन पर सुचना दिया कि ग्राम करचाली में एक महिला का हत्या हो गया है, जिसमें आरोपी हेमनारायण निषाद के द्वारा अपनी भाभी सतरूपा निषाद की चरित्र शंका के आधार पर टंगिया से जाने से मारने की नियत से गला एवं सिर में प्राण घातक वार कर हत्या कि घटना को अंजाम दिया है। कि सूचना पर हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचकर थाना छुरा पुलिस द्वारा देहाती मर्ग इंटीमेशन, देहाती नालसी लेकर मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्यवाही कर गिफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पश्चात जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में उनि दिलीप मेश्राम, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश मिस्त्रा, आरक्षक अरविंद जाटवर व शशि कौशिक की सराहनीय भूमिका रही।

# कबड्डी प्रतियोगिता में 32 टीम ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम खुटेरी की राज्य स्तरीय कबड्डी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हरीश साहू लोकसभा अध्यक्ष महासमुंद जनता कांग्रेस, अध्यक्षता कीर्ति गजेंद्र निषाद सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत फिगेंश्वर, विशिष्ट अतिथि भागीरथी सिन्हा , रोशन साहू सामाजिक कार्यकर्ता, पंकज निर्मलकर भाजपा युवा नेता, सरपंच श्रीमती लक्ष्मी साहू, उपसरपंच छबिराम निषाद थे। पहले अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। आयोजन की प्रथम मैच के दोनों कबड्डी टीम के खिलाड़ी का स्वागत किया गया। कबड्डी मैच का उद्घाटन मैच रवेली विरुद्ध नयापारा के मध्य खेला गया। जिसमें रवेली की टीम ने चार पॉइंट के साथ बढ़त बरकरार रखते हुए जीत की सफलता अर्जित की। प्रथम दिवस में 32 टीमों ने अपने खेल भावना का परिचय देते हुए दमखम के साथ साहस प्रदर्शन किया। वही मैच का आनंद लेने क्षेत्र से भारी संख्या में भीड़ देर रात्रि तक मौजूद रही। बीच- बीच में पटाखो और बिगुल ध्वनियों के साथ दर्शको की तालियों को गड़गड़ाहट गूंजती रही। जिला खेल संघ से रैफरी और कमेंट्रेटर ▶▶|शेष पेज 11 पर

# बैल ने शराबी युवक को सिंग से उठाकर जमीन पर पटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज शनिवार को दोपहर 03 बजे के आसपास एक शराबी युवक को बैल के साथ मजाक करना बेहद मंहगा पडा बैल ने शराबी युवक को सिंग से उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिनका प्रारंभिक उपचार अस्पताल में करने के बाद परिजन धमतरी ईलाज के लिये ले गये। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के जिडार रोड की बताई जा रही है, धमतरी जिले से बडी संख्या में आज पर्यटक नया वर्ष के चलते सिकासार जलाशय जा रहे थे और मछली, मुर्गा खरीदने के लिए मैनपुर जिडार रोड मार्ग पर कुछ युवक बोलोरो वाहन से उतरे आसपास बैल घुम रहा था। शराब के नशे में धुत एक युवक बार- बार बैल के पास जाकर फोटो खीचवा रहा था।

### कमर व पीट में आई गंभीर चोंटे

शराब के नशे में धुत युवक को लोगों ने समझाया यहा बैल काफी घुसैला है बावजूद शराबी युवक बैल के सिंग को पकड़कर फोटो खिंचवाने के लिए जैसा ही बैल के सिंग को पकड़ा घुसैल बैल ने युवक को सिंग के सहारे उठाकर ऐसा पटका की युवक को कमर और पीट में गंभीर चोट आई। जिसे तत्काल उनके साथियों ने अस्पताल लाया और प्रारंभिक उपचार के बाद धमतरी अस्पताल ले गये वही उनका पिंकनिक कार्यक्रम उन्हे कैंसल करना पड़ा।

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते ठंड से मिली राहत

# नए साल के पहले हफ्ते में बारिश व ओलावृष्टि के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में इन दिनों मौसम शुष्क बना हुआ है। हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में उछाल आने लगा है। ऐसा हुआ है वर्तमान में पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से है इस वजह से ठंड से भी राहत मिल गई है। वातावरण में नमी रहने के कारण सुबह के समय उत्तर के जिलो में कोहरा छा रहा है। अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। वही 29 दिसम्बर को एक पश्चिमी विक्षोप सक्रिय होने ही संभावना थी । इसके असर के कारण 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बादल, बारिश के साथ ओलावृष्टि के आसार बने हुए है। इस दौरान रात का पारा दो से तीन डिग्री और बढ़ सकता है।

### शुरुआती सप्ताह के मौसम में उतार-चढ़ाव

मौसम विज्ञानी का कहना है कि इस समय उत्तर से ठंडी हवा आ रही है, जबकि पूर्व से गर्म हवा चल रही है। दोनों हवाओं के मिलन के कारण कोहरे की स्थिति बन रही है, वहीं पूर्वी हवा के चलते पूरी तरह से सर्द हवा का प्रवेश नहीं हो रहा है। इसके कारण तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है। अभी एक दो दिन मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। वहीं नए साल का शुरुआती सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव दिखेगा।

### हवाओं का रुख, रात के तापमान में बढ़ोतरी से ठंड से राहत

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में हल्का उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। 29 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया, यह विक्षोभ मजबूत होने के कारण इसके असर में 30 दिसंबर से 2-3 जनवरी तक प्रदेश में अनेक स्थानों पर कई जिलों में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना हो सकती है।

### पाटसिवनी में श्रीमद् भागवत आज से

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम पाटसिवनी में पूर्वजों की स्मृति एवं उनके अनुग्रह और अनुदानों की प्राप्ति हेतु श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह रविवार 31 दिसंबर से रविवार 7 जनवरी 2024 तक रखा गया। है कथा समय दोपहर 1:00 से शाम 5:00 तक कथाव्यास राष्ट्रीय धर्माचार्य- सनातन धर्म परिषद न्याय भारत एवं राष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्या ब्रह्मवादिनी भारती यामिनी देवी जी के मुख से मोक्षदायिनी भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# नए साल में पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट, बारनवापारा, मैनपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल के स्वागत के साथ पुराने साल की विदाई को यादगार बनाने के लिए लोगों के प्राकृतिक स्थानों पर जाने के लिए होड़ मची हुई है। राज्य के अलग-अलग पर्यटक स्थलों में राज्य के साथ दूसरे राज्य के लोगों ने पर्यटन के साथ वन विभाग के रिसोर्ट में एक माह पूर्व से अपने लिए ऑनलाइन जगह बुकिंग कराई हैं।

हरिभूमि सरोकार

पर्यटन विभाग के अफसरों के मुताबिक पिछले दो वर्षों की तुलना में इस वर्ष लोगों ने पर्यटन स्थलों में पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराई है। पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट के साथ बारनवापारा तथा मैनपॉट है। इन पर्यटन स्थलों में पिछले 10 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच रिसार्ट में पौने 14 सौ लोगों ने रूम बुक कराए हैं। इसके अलावा स्थानीय पर्यटक बगैर रिसोर्ट बुक कराए यहां सैर करने जाने की तैयारी में हैं। पर्यटन विभाग के अनुमान के मुताबिक 30 दिसंबर से एक जनवरी के बीच इन पर्यटक स्थलों में 15 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंचेंगे।

## प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट में नो रूम की स्थिति

### इन राज्यों से भी पहुंच रहे पर्यटक

पर्यटन विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक दिसंबर में दूसरे राज्य मध्यप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा आंध्रप्रदेश के पांच हजार से ज्यादा पर्यटक यहां के पर्यटन स्थलों की सैर करने के लिए पहुंच चुके हैं। दूसरे राज्यों के पर्यटकों ने 30 दिसंबर से एक जनवरी के लिए सैर करने के लिए पहुंचेंगे।



*लोक नृत्य के साथ पारंपरिक भोजन : छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग की प्रवक्ता अनुराधा दुबे के मुताबिक अलग-अलग सेंटरों में पर्यटकों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए नए वर्ष के अवसर पर उनके क्षेत्र की लोक संस्कृति से जुड़े लोक नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इसके साथ पर्यटक पारंपरिक भोजन का लुत्फ भी उठा सकेंगे।*

### सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ निजी सुरक्षा गार्ड

पर्यटन विभाग के अफसरों के मुताबिक जिन पर्यटक स्थलों में पर्यटकों ने जगह बुक कराई हैं, उनकी संख्या की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इसके अलावा पर्यटक स्थलों के रिसोर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। रिसोर्ट में पर्यटकों को किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

### सभी जगह नो रूम की स्थिति

वन तथा पर्यटन विभाग के अफसरों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक 25 दिसंबर के बाद से यहां के पर्यटन स्थलों में जितने भी रिसोर्ट तथा रुकने के लिए अन्य व्यवस्था है, वहां नो रूम की स्थिति है। अफसरों के अनुसार 25 दिसंबर से स्कूलों में शीतकालीन अवकाश होने तथा ठंड में सैर करने अनुकूल स्थिति होने की वजह से बड़ी संख्या में पर्यटक सैर करने के लिए आते हैं। राज्य के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर दो हजार के पर्यटकों ने रिसोर्ट, वुडन, डिलक्स तथा अन्य रूम बुक कराए हैं।

### पड़ोसी राज्य के पर्यटक जंगल से आकर्षित

राज्य के वनों में भले ही बाघ की मौजूदगी नहीं के बराबर है, लेकिन राज्य का वन चारों तरफ से नदी तथा पहाड़ों से घिरा हुआ है। इसके कारण राज्य के साथ पड़ोसी राज्य के पर्यटक यहां के पर्यटन स्थलों की सैर करने पहुंचते हैं। दूसरे राज्य के पर्यटक यहां ट्रैकिंग करने के लिए भी पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप



### विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कार से सम्मानित

**रायपुर।** कराते इंडिया आर्गेनाइजेशन से संबद्ध यूनाइटेड शोटोकन कराते डू इंडिया छत्तीसगढ़ के संयोजकत्व में शुक्रवार को बालाजी विद्या मंदिर में 27वीं नेशनल कराते चैंपियनशिप हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश विग थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। श्री विग ने विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर यूएसके इंडिया के अध्यक्ष एमएम हैदर अली, यूएसके छग के डायरेक्टर संतोष गुप्ता और अध्यक्ष सनत राठौर उपस्थित थे।

### नेहरू नगर में मो. अहमद नक्शबंदी की तकरीर आज

**रायपुर।** फैजाने औलिया चिश्तिया कमेटी के सदर हाजी जमील शोबी ने बताया कि शहंशाहे हिंद ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती रजी. के 812वें सालाना उर्स पाक के मौके पर बैजनाथपारा महबूबिया चौक मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन में लोगों की जियारत के लिए अजमेर शरीफ की चादर लगाई गई थी। इसे 14 जनवरी को कमेटी के लोग अजमेर शरीफ ले जाएंगे। वहां चादरपोशी कर मुल्क में अमन-चैन की दुआ करेंगे। 30 दिसंबर को रात 10 बजे नेहरू नगर चांदनी चौक में जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज का एहतमाम किया गया है। इसमें मौलाना मो. अहमद नक्शबंदी की तकरीर होगी। प्रोग्राम की जेरे निजामत हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल रज्जाक अशरफी कोटा करेंगे और डॉ. जहीर रहबर के साथ शहर के उलमा रौनके स्टेज रहेंगे।

### असाध्य रोगों का उपचार जड़ी-बूटियों से

**रायपुर।** वनौषधियों एवं जड़ी-बूटी के माध्यम से असाध्य बीमारियों का



इलाज करने वाले आदिवासी वैद्यराज एवं वनौषधि विशेषज्ञ टीएन वेंकटेश्वर कबीर नगर केबीटी 42 में सेवा दे रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर रोगी वनौषधियों एवं जड़ी-बूटी से निर्मित दवाइयों के जरिए विविध बीमारियों का इलाज करने में पारंगत है। वैद्यराज टीएन वेंकटेश्वर ने कहा कि वे अनेक बीमारियों का इलाज करते हैं, परंतु जटिल बीमारियों के उपचार में विशेष दक्षता हासिल है। उन्होंने बताया कि अस्थमा, वात रोग, चर्म रोग, लकवा, लीवर सिरोसिस, मिर्गी आदि का उपचार पारंपरिक पद्धतियों से तैयार जड़ी-बूटियों से करते हैं।

### ओपन स्कूल में आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रायपुर।** राज्य ओपन स्कूल की ओर से आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 1 से 15 जनवरी तक 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## सेंट्रल और नान के लिए चावल जमा करने में तेजी

# अब तक 13 लाख 34 हजार से अधिक किसानों ने बेचा 63 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी को लभगभ दो महीने का समय हो चुका है। इस बीच अब तक राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 34 हजार 119 किसानों से 63 लाख 22 हजार 32 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

खास खबर

इसके एवज में किसानों को 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। इसके साथ ही धान की कस्टम मिलिंग का काम जारी है। सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई और राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने का काम भी तेजी पर है।



### कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेज

राज्य में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 38 लाख 57 हजार 479 टन धान का उठाव किया गया है। खाद्य विभाग के सचिव ने मिलर्स को तेजी से धान का उठाव करने के साथ ही कस्टम मिलिंग का चावल नियमित रूप से जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। कस्टम मिलिंग का चावल फिलहाल नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा लिया जा रहा है। 1 जनवरी से एफसीआई में भी सेंट्रल पूल का चावल जमा होने लगेगा। मिलर्स को बीते वर्ष की कस्टम मिलिंग के शेष चावल को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है
- 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया

### अब मिलर्स बनाएंगे उसना चावल

छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स अब तक अरवा चावल बनाने का काम कर रहे थे। दरअसल केंद्र सरकार ने सेंट्रल पूल के लिए केवल अरवा चावल देने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर केंद्र सरकार ने राज्य से 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेने की भी सहमति दी है। बताया गया है कि अब खाद्य विभाग मिलरों को उसना चावल तैयार करने का आदेश जारी करेगा। जो मिलर्स अब तक अरवा चावल बना रहे थे, उनमें से ऐसे मिलर, जिनकी मिल उसना चावल बनाने की क्षमता रखती है, उन्हें उसना चावल बनाने के लिए कार्यादेश जारी किया जाएगा।

# चॉइस सेंटरों में भी अब संपत्ति कर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संपत्ति कर का भुगतान करने लोगों को अब नगर निगम के दफ्तरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी है, वे आसानी से अपने मोहल्ले में ही संचालित चॉइस सेंटर में जाकर संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए नगर निगम के राजस्व विभाग ने माड्यूल तैयार किया है। इस मॉड्यूल के जरिए चॉइस सेंटर के संचालक नगर निगम की डिजिटल पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किसी का भी ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान कर सकता है।

- चॉइस सेंटर संचालकों को तैयार मॉड्यूल का दिया गया प्रशिक्षण

*आईडी सर्च कर संपति कर की देंगे जानकारी, नकद भुगतान भी* शहर के 50 से अधिक चॉइस सेंटरों के संचालकों को प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि चॉइस सेंटर में आने वाले करदाता की आईडी माड्यूल के माध्यम से कैसे सर्च करेंगे और उन्हें संपति कर की जानकारी देंगे। कोई करदाता संपति कर का भुगतान नकद करना चाहता है, तो इसके लिए संचालक को नगर निगम की डिजिटल पेमेंट प्रणाली में कर दिया जाएगा। इसका भुगतान होते ही उसकी रसीद सिस्टम से जनरेट हो जाएगी, जिसे प्रिंट करके करदाता को दिया जाएगा।

*प्रत्येक वार्ड के चॉइस सेंटर में सुविधा : इस नए सिस्टम के तहत शुरुआत में प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक चॉइस सेंटर को इसके लिए अधिकृत किया जा रहा है। इसके लिए आगामी दो दिन तक चॉइस सेंटर संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।*

### चॉइस सेंटर संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

संपत्ति कर का भुगतान करने अब तक लोगों को जोन दफ्तर या नगर निगम मुख्यालय में जाना पड़ता था। इसके लिए लोगों को निगम दफ्तर पहुंचने में जहां समय लगता था, वहीं जोन क्षेत्र के रहवासी अपने जोन दफ्तर में जाकर ही संपत्ति कर का भुगतान करने जाते हैं। इसके कारण दफ्तरों में भीड़ भी लगी रहती थी, जिसके कारण कई बार लोगों को संपत्ति कर का भुगतान करने में घंटों लग जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। संपत्ति कर का भुगतान करने की सुविधा चॉइस सेंटरों में भी दी जा रही है। इसके लिए शुक्रवार को चॉइस सेंटर संचालकों को तैयार माड्यूल का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# ढीला हो रहा हमर क्लीनिक का कामकाज कारण बताओ नोटिस, समय पर आने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




घर के समीप ही प्राथमिक जांच और उपचार की सुविधा देने के लिए प्रारंभ किए गए हमर क्लीनिक का कामकाज ढीला होने लगा है। डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायतों के आधार पर कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय पर ड्यूटी पर आएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

करीब डेढ़ साल पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोहल्लास्तर पर हमर क्लीनिक की शुरुआत की गई थी। इन स्थानों पर एमबीबीएस डाक्टरों को तैनात किया गया था, जो आने वाले मरीजों की बीपी-शुगर सहित अन्य प्राथमिक बीमारियों की जांच के साथ उन्हें निशुल्क दवा उपलब्ध कराते थे। शुरुआती दौर में हमर क्लीनिक में दो वक्त की ओपीडी का संचालन किया जाता था, मगर धीरे-धीरे इसके कामकाज में लापरवाही शुरू हो गई थी। शिकायत मिलने लगी थी कि हमर क्लीनिक का संचालन समय पर नहीं किया जा रहा है और डाक्टर अपनी ड्यूटी के दौरान क्लीनिक में नहीं बैठ रहे हैं। इस तरह की शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए बैजनाथ पारा सहित आधा दर्जन हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए नोटिस जारी कर उनसे इसका कारण पूछा है। इसी तरह तमाम चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर आए और दोनों वक्त की ओपीडी में मरीजों का इलाज करें।

- प्राथमिक उपचार के लिए गली-मोहल्ले में खोले गए हैं स्वास्थ्य केंद्र

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### निशुल्क जांच के लिए जारी हुआ आदेश

वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने के लिए सिविल सर्जन सहित तमाम बीएमओ को इसकी व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों को तमाम तरह की बीमारियों की जांच प्राथमिक स्तर पर देने और आवश्यक होने पर उच्च संस्थान में रेफर करने निर्देशित किया गया है। सीनियर सिटीजन की पहचान के लिए वार्डस्तर पर सर्वे करने और जांच सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोरोना : दुर्ग में एक मौत, दस नए मामले पुराने तीन ठीक हुए

**रायपुर।** आठ माह तक नियंत्रित रहने के बाद कोरोना प्रभावित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। 82 साल की महिला का इलाज सेक्टर-9 हास्पिटल में चल रहा था। कोरोना के अलावा उसे दूसरी तरह की गंभीर बीमारी भी थी। शुक्रवार को राज्य में दस नए मामले सामने आए वहीं आठ दिन पहले मिले तीनों संक्रमितों को स्वस्थ घोषित किया गया।

कोरोना के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। सप्ताहभर में इनका आंकड़ा दहाई अंक तक पहुंच गया है। गुरुवार को यहां 12 तथा शुक्रवार को दस नए मामले सामने आए, जिसे मिलकर एक्टिव मरीजों की संख्या 37 हो गई है। राज्य में करीब आठ माह बाद मौत के कारणों में कोरोना को शामिल किया गया है। दुर्ग जिले में रहने वाली महिला को इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में दाखिल किया गया था। कोरोना के सबसे अधिक मामले अभी दुर्ग जिले संबंधित है यहां एक्टिव मरीजों की संख्या 13 है। वहीं रायपुर जिले में एक संक्रमित के ठीक होने के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 6 हो गई है। रायगढ़ में चार नए केस मिलने के बाद वहां आठ संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कोरिया, सूरजपुर, सुकमा में भी कोरोना के मामले मिले हैं। शुक्रवार को 4678 सैंपलों की जांच की गई है।

# दो बरस की रंजिश में खेला खूनी खेल युवक को घेरकर चाकू, डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी में आपसी रंजिश पर एक परिवार के लोगों ने एक युवक पर चाकू, रॉड तथा डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 147, 148 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

- घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी की
- ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

पुलिस के मुताबिक कपिश मरकाम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक ही परिवार के तीन नाबालिग सहित पूरन सोलंकी, दिनेश, अमित, विजय राठौर तथा रोहित को गिरफ्तार किया है। कपिश के चाचा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को पूरन तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने कपिश को घेर लिया और उस पर चाकू, डंडा तथा रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कपिश के पिता तथा चाचा द्वारा बीच बचाव करने पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करने पर नाराज थे

कपिश के चाचा के मुताबिक एक पखवाड़ा पूर्व सोलंकी परिवार का एक लड़का गांव में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बाइक चला रहा था, जिसे उसने तथा गांव के



कुछ लोगों ने रोककर समझाइश दी। इससे नाराज होकर सोलंकी परिवार के लड़के ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर कपिश पर प्राणघातक हमला किया। उरला सीएसपी अविनाश मिश्रा के मुताबिक पीड़ित तथा आरोपी पक्ष की पिछले दो वर्ष से आपसी रंजिश चल रही है।

### नाराज लोगों ने थाने का घेराव किया

मारपीट की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण नाराज थे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को सिलियारी बंद का आयोजन किया। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

### गिरफ्तार कर जेल दाखिल

सिलियारी में मारपीट की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है। मारपीट की घटना आपसी रंजिश पर हुई है।

- **अविनाश मिश्रा,** उरला सीएसपी

# विधायक मिश्रा पहुंचे जिला अस्पताल आवश्यक सुविधा जुटाने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*विधायक पुरंदर मिश्रा ने शुक्रवार को जिला अस्पताल पंडरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तमाम विभागों का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक सुविधा जुटाने के लिए तमाम आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपनी बीपी की जांच कराई।*

*इस दौरान उन्होंने सीएमएचओ और सिविल सर्जन से कमियों के बारे में चर्चा भी की। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा दोपहर अपने अन्य साथियों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। वहां के कामकाज के बारे में जाना। उन्होंने चिकित्सकीय टीम को आश्वस्त किया कि मरीजों की सुविधाओं के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मरीज को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े और ना ही किसी तरह की शिकायत से दो चार होना पड़े, इसके लिए जिला अस्पताल में तमाम सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित विभिन्न विभाग का निरीक्षण किया और काफी समय से पेंडिंग सीटी स्कैन मशीन को शीघ्र मरीजों के हित में शुरू करने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकीय टीम के माध्यम से अपनी बीपी की जांच भी कराई।*



## बृजमोहन ने बांटे मुद्रा योजना के हितग्राहियों को चेक

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में मुद्रा योजना के हितग्राहियों को चेक वितरित किए। उन्हेंने कहा, जो व्यक्ति अपना छोटा-मोटा रोजगार करने के लिए 10 हजार रुपए तक का लोन लेना चाहता है, वो स्वनिधि योजना के तहत यह लाभ ले सकते हैं। एक बार लोन की राशि चुका देने पर हितग्राही को दोबारा 20 हजार और फिर 50 हजार रुपए तक का लोन मिल सकता है। ऐसे ही विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री और कारीगिरी का काम करने वालों को 3 लाख रुपए तक का लोन बिना किसी गारंटी के मिलेगा। आयुष्मान योजना के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कर रही है, जिसके लिए शिविर में आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। लोग उज्ज्वला योजना का भी लाभ ले सकते हैं, जिसके तहत मुफ्त गैस सिलेंडर मिलेगा।

# सड़क पर फेंक देंगे सामान, डेंटल कॉलेज की छात्राओं ने महिला आयोग से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रूम खाली कर भाग जाओ नहीं तो सारा सामान सड़क पर फेंक देंगे। दंत महाविद्यालय के वार्डन द्वारा दी जाने वाली धमकी के बाद छात्राओं ने महिला आयोग से इस मामले की गुहार लगाई है। अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई पर रोक लगाते हुए दो जनवरी को कालेज प्रबंधन को सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। राज्य के इकलौते शासकीय दंत चिकित्सालय की अंतिम वर्ष की करीब 40 छात्राओं ने जबरदस्ती हास्टल खाली कराए जाने संबंधी शिकायत करने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक से मुलाकात की। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि वे सभी बीडीएस फाइनल इयर में अध्ययनरत हैं, जो पिछले चार वर्षों से हास्टल में निवासरत हैं। फाइनल ईयर की परीक्षा समाप्त नहीं हुई है, परंतु वार्डन ने शुक्रवार को नोटिस जारी कर कहा है कि तत्काल रूम खाली कर दो। यहां से भाग जाओ अन्यथा पूरा सामान निकाल कर सड़क पर फेंक दिया जाएगा। छात्रों ने आगे बताया कि पूरी फीस



जमा किया गया है। सीनियर हास्टल में निवासरत हैं। हमारे साथ ही ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। इसकी जानकारी डेंटल कालेज के डायरेक्टर को भी है। छात्रों के हास्टल में 40 प्रतिशत कमरे खाली हैं। प्रदेश के बाहर की सभी छात्राएं हैं। अचानक सभी कहां और क्यों जाएं। कालेज का नियम है कि इंटरनशिप के बाद कालेज छोड़ा जाता है। सुरक्षा का भी ख्याल नहीं रखा गया है। इस संबंध में कालेज के प्राचार्य डा. विरेन्द्र वाढ़ेर का कहना है कि छात्राओं को हास्टल खाली करने के लिए छह माह पहले ही सूचना दे दी गई थी। छात्राओं के हास्टल के लिए तीन-तीन वर्ष की वेंटिंग चल रही है। महिला आयोग के समक्ष पूरे मामले को रखा जाएगा।

- वार्डन के खिलाफ शिकायत, आयोग ने लगाई कार्रवाई पर रोक



### कैंटीन संचालन के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने एक महिला तथा अन्य व्यक्ति के खिलाफ कैंटीन संचालित करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पचेड़ा निवासी नरसिंग गौड़ ब्राह्मण ने सत्यवती, अमरेश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नरसिंग ने पुलिस को बताया कि वह जिस कैंटीन को चलाता है, उसे सत्यवती तथा अन्य ने अपना होने की बात कहते हुए विवाद कर उसके साथ मारपीट की।

## खबर संक्षेप

### टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने मनमीत

**पिथौरा।** संचार मंत्रालय भारत सरकार ने टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी सदस्य के रूप में मनमीत सिंह छाबड़ा (रिक्की) के नामांकन के लिए आदेश जारी किया है। टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) एक उच्च स्तरीय भारतीय सरकारी निकाय है, जो भारत में दूरसंचार से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नामित संसद के सदस्यों और अन्य सदस्यों से बना है। मनमीत छाबड़ा, जिन्हें टीएसी के सदस्य के रूप में पहली बार मंत्रालय द्वारा नामित किया गया है, उन्हें आईटी, टेक्नोलोजी संबंधित गतिविधियों का अच्छा अनुभव है।

### सेमी फाइनल में महासमुंद बड़े स्कोर की ओर अग्रसर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप का सेमी फाइनल मैच महासमुंद और कोरिया के बीच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम बिलासपुर में खेला जा रहा है, जिसमें कोरिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इसमें महासमुंद के ओपनर ने सधी हुई शुरूवात करते हुए पहले विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी की और क्रितेश 32, शोभित 30, तुषार 60, अनुराग 81, तृपेश 37, चंद्रकांत 28, नमन 10, सुधांशु 5, प्रशांत 12 ने रनों का योगदान दिया। दिन का खेल खत्म होने तक महासमुंद ने 373/09 रन बना लिए है। हामिद 56 और ईशहाक 2 रन बना कर कृज पर डटे हुए है।

### उनकी कविताओं में बला का जादू था, जो सोते हुए सिंह को जगा सकता था

**महासमुंद।** भारत के महान शिक्षाविद्, भारतरत्न पं. मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती पर यह आभासी संगोष्ठी पदमचंद गांधी राष्ट्रीय संयोजक जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. अरूणा सराफ प्रदेश महासचिव इन्दौर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से संगोष्ठी की शुरूआत हुई। बाद प्रस्तावक के रुप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट्) ने कहा कि माँ भारती के सच्चे आराधक एवं युगदृष्टा मदनमोहन मालवीय देश की शिक्षा प्रणाली को भारतीयता से ओतप्रोत करने के उद्देश्य से सन 1916 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की तथा चौरीचौरा आंदोलन के सेनानियों का मुकदमा लड़कर उन्हें मृत्युदंड से बचाने का महती कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज ही देश के सर्वश्रेष्ठ राजनेताओं में अग्रगण्य भारतरत्न कवि हृदय, हिन्दी प्रेमी अटल जी का जन्मदिवस है। उनकी कविताओं में बला का जादू था, जो सोते हुए सिंह को जगा सकता था। वे भावप्रबल कवि के साथ समाज प्रबोधन कवि थे। मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा कुलानुशासक विक्रम विवि उज्जैन ने दोनो महान विभूतियों के बारे में अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. शेख शहाबुद्दीन पुणे ने वाजपेयी के कृतित्व और व्यक्तित्व के बारे में बताया।

**अभियान :** मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : विधायक

# बोड़की, चरौदा, चरभट्टी व बारूला में लोगों ने केंद्र की योजनाओं का संकल्प यात्रा शिविर में लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

चारों तरफ विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं 22 जनवरी को अयोध्या में विराजमान होने की चर्चा जोरशोर से हो रही है। होगी भी क्यों नहीं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रहा है। केन्द्र की मोदी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित योजना एंव प्रदेश की साय सरकार की गरीब, किसान, महिला के लिए कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक प्रचार, प्रसार और पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बहुआयामी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत मोदी की गारंटी को पहूंचाने तत्परता दिखाई दे रहे हैं। पिछले दो दिन 29 एंव 30 को विकसित भारत संकल्प यात्रा बोड़की, चरभट्टी, चरौदा, बारूला ,कुण्डेल ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नवनिर्वाचित राजिम विधायक रोहित साहू नियत समय पहुंच रहे वहां पर विभाग वार विशेष कर, पीएम आवास , राशनकार्ड बनाने, उज्जवला योजना, वंचितों के लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आयुष्मान भारत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और सही पोषण, पीएम मातृवंदना योजना, सुकन्या योजना,सहित अन्य क्रियान्वयन करने अधिकारी को निर्देश कर रहे हैं। मोदी की गारंटी नाम से लोकप्रिय आईसी वैन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनता के नाम 'प्री-रिकॉर्डेड वीडियो संदेश' एवं प्रमुख जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से संबंधित जन जागरूकता संदेश को लेकर निर्धारित रूट मैप के अनुसार पहुँच रही है। कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी, मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।भारत को विश्व के विकसित राष्ट्रों में अग्रणी राष्ट्र के तौर पर शुमार करने में उपस्थित जनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'विकसित भारत संकल्प' की शपथ भी दिलाई गई। विधायक ने फिर दोहराया कि 22 जनवरी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को दीपोत्सव मनाकर यादगार बनाये।



### कांग्रेस ने महादेव एप के नाम पर घोटाला किया

सासंद चुन्नी लाल साहू ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्रजन को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में आने वाले महिलाओं की सिकल सेल एनिमिया की जांच की व्यवस्था है इसका लाभ लेवें। पुर्व कांग्रेस की ठगेस सरकार ने रेत, कोयला, चांवल, गोबर, महादेव एप के नाम पर बड़ा घोटाला किया। ये सब पैसा गरीब के थे। कांग्रेंस सांसद से नरसींग बलागिंर में तीन हजार करोड़ रूपया अवैध जप्त किया। साथ ही पुर्व सासंद चन्दुलाल साहू ने कहा की इस तरह के शिविर में आम जनता योजनाओं का लाभ उठावें, सभी की यह जिम्मेदारी भी है कि सन 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना साकार करना है।



### इनकी रही उपस्थिति

मुख्यातिथि सासंद महासमुंद चुन्नी लाल साहू, पुर्व सासंद चन्दुलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, विरिष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू, सरपंच बोड़की, तहसील साहू समाज अध्यक्ष रामजी साहू, उससरपंच नेतराम सिन्हा, युवा भाजपा नेता राजु साहू, पुर्व सरपंच सिर्रीखुर्द विजय कंडरा, रामाधार साहू, मोती राम निषाद गजेन्द्र निषाद, सरपंच ओमप्रकाश साहू, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, संगीता साहू, किशोर साहू, पुरन्दर साहू, खोमन साहू ,लखन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, मकसुदन साहू, तुलाराम,महेश, परमेश्वर, छवि, राजेन्द्र, भोजराम, जागेश्वर, वेदराम, नुतन साहू, गोवर्धन सेन, पुरन साहू, इंदरमन साहू उपस्थित थे।

### विधायक ने अधिकारीओं को दी नसीहत

नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू की काम काज बोल चाल की शैली एंव राजनीति में जहां काफी चर्चा है, वहीं कई बार अपनी सक्रियता से आलोचकों को वह जवाब भी दे जाते हैं। सभा समाप्ति के बाद शिविर में विभिन्न विभागों का औचर निरीक्षण करने पहुंच जाते हैं।शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करते रहने समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी नसीहत दी। क्षेत्र के नागरिकों के जीवन-स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहें। मोदी जी,साय जी की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहूंचे। जनप्रतिनिधि,आम लोगों को बात सुने और समझकर निराकरण करें। शिविर के प्रभारी ज्योति ढालेन को आज के जनपद की विभागीय आवेदन की निराकरण करने की जबादेही दी गई। विधायक ने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा यदि शिकायत आई तो मुझे कार्यवाही से कोई रोक नहीं सकता । विधायक एक्शन में नजर आ रहे है। इससे अधिकारी कर्मचारी में हड़कंप मच गया है।

## विधायक रोहित से टीचर्स एसोसिएशन ने मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई फिंगेश्वर के प्रतिनिधि मंडल भुवन यदु जिला संयोजक एवं हुलस साहू अध्यक्ष के नेतृत्व में उनके निवास स्थान राजिम में सौजन्य मुलाकात की।

इस अवसर पर मुलाकात करने वालों में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रोहित साहू को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता से निश्चित ही पूरे राजिम विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। ऐसी मंगल कामना की।विधायक रोहित साहू से मुलाकात करने वालों में भुवन यदु जिला संयोजक, टिकेन्द्र यदु जिला उपाध्यक्ष, हुलस साहू अध्यक्ष,किरण कुमार साहू सचिव, डगेश्वर ध्रुव कोषाध्यक्ष,कमलेज बघेल ब्लाक उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार श्रीवास जिला महामंत्री, छगन दीवान जिला संगठन मंत्री,राजेश साहू, विनोद साहू,प्रहलाद मेश्राम,भागचंद चतुर्वेदी जिला महामंत्री अजाक्स शामिल थे।



## विधायक ने स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच

**छुईहा बेलर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बोड़की की शिविर में स्वागत विभाग स्टाल लगा था। विधायक राजिम रोहित साहू सभा सम्बोधन के बाद अन्य कार्यक्रम की ओर जाना था इससे पहले स्वास्थ्य की स्टाल में पहूंचें, समान्य नागरिक की भांति अपने बारी आने पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण डाक्टर वीरेंद्र हिरौदीया से कराया। विधायक ने डाक्टर से छत्तीसगढ़ी में कहा रसरसहा लागत हे अर्थात स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी महसूस हो रहा है। डॉक्टर ने दावाई दी। जाहिर है विधायक स्वागत के परवाह किए बगैर संकल्प यात्रा में पहूंचकर प्रधानमंत्री मोदीजी और मुख्यमंत्री साय जी की योजना का प्रचार कर रहे हैं।

रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की यह यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। सबके लिए बराबर इलाज है। कहा कि सरकार का उद्देश्य है कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से अछूता न रहें। इस मौके साथ में सासंद चुन्नी लाल साहू,पुर्व सांसद चन्दुलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू थे।

## संकल्प यात्रा में विधायक ने दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

अभनपुर विकासखंड के ग्राम बिरोदा, मोहदी, चंडी,आमनेर मे विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने केन्द्र मे मोदी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के बारे मे जानकारी देते कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को देश के अन्तिम व्यक्ति जन कल्याणकारी योजना को पहुंचाने का कार्य रहे है यह विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार की सभी योजनाओ की विस्तार से जानकारी हर वर्ग तक पहुंचाना है। विधायक श्री साहू ने विधानसभा को भ्रष्टाचार मुक्त एवं अवैध शराब से मुक्त करने की बात कही।





महिला बाल विकास द्वारा गोद भराई कार्यक्रम मे विधायक ने गर्भवती महिलाओ को फल टोकरी भेंट कर मंगलकामना की वही यात्रा के दौरान महिला स्व सहायता समूह के बहनो,मितानिनो व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा यात्रा मे विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टॉल एवं लोगो की समस्याएं सुनी। इस दौरान तहसीलदार ,सूरज साहू, भरत बैस, नेहरू लाल ,अनिल साहू,राजेंद्र कुर्रे,राजेंद्र एनेश्वरी, राम चरण साहू, भुवाल साहू, जीवन साहू, गुहा राम साहू, संतोष साहू, मानसिंह साहू, जीवन लाल साहू, रंजीत साहू, हरीश साहू, सरोजिनी मिश्रा,पदाधिकारी सहित ग्रामीणजन उपिस्थत रहे।

## परसदा जोशी में एनएसएस कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





विकासखंड फिंगेश्वर के संत कवि पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई के एनएसएस के छात्रें का सात दिवसीय कैम्प ग्राम परसदा जोशी में हुआ। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 22 दिसम्बर से 28 दिसंबर तक संत कवि पवन दीवान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 70 बच्चों ने इस कैम्प में भाग लिया।

प्रथम दिवस सरपंच सुनीता बेन राज सोनी,बी के साहू प्राचार्य किरवई, प्राचार्य दिनेश श्रीवास परसदा जोशी मिडिल स्कूल प्रधान पाठक सालिक राम तारक व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ। सात दिन तक बच्चो के द्वारा ग्राम में सफाई अभियान,पर्यावरण सरंक्षण, रोगों से बचाव आदि पर कार्य व जन जागरूकता का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रतिदिन सुबह 4 बजे उठकर प्रभात फेरी, फिर शिविर स्थल पर संगीत योगा प्रतिदिन हुआ जिसमे गॉव के भी बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को छात्र प्रतिनिधि कुमारी दिशा शर्मा, छात्र प्रतिनिधि, प्रदीप झारे के कुशल नेतृत्व किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने खेल शिक्षक गंगा साहू, संकुल समन्वयक सुखेन साहू किरवई, शिक्षक विभा आदिल, ओम साहू, जितेंद्र देवांगन, डेलेन्द्र साहू, सालिक राम तारक, प्राचार्य शाउमावि परसदा जोशी दिनेश श्रीवास,विकास झा एवम ग्राम के उपसरपंच यादव गणमान्य लोगो सराहनीय योगदान रहा।

### शिवशक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं ने किया नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत

**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की आभार रैली के दौरान शहर के मुख्य मार्गों में भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी, पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। बग्गा स्टोर्स ओव्हरब्रिज के पास शिवशक्ति केंद्र नयापारा के 5 बूथों के कार्यकर्ताओं ने महासमुन्द विधानसभा में ऐतिहासिक विजय हासिल करने वाले नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का बड़ी पुष्पमाला पहनाकर भव्य अतिशबाजी करते हुए आत्मीय अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला महामंत्री एवं मीडिया पैनलिस्ट एतराम साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद मीना वर्मा, माधवी सिका, हफीज कुरैशी, पूर्व पार्षद विजय साहू, संयोजक गोपाल वर्मा, सहसंयोजक महेंद्र सिका, बूथ अध्यक्ष सीता डोंडेकर, विक्की गुरुदत्ता, कल्पना सिन्हा, हेमकान्ति देवांगन, सारिका यादव, निशा नायक, ललित मांझी, मयंक औसर, ज्योति साहू, पुष्पा साहू, साधना साहू, पकंज बघेल सहित बड़ी संख्या में शिवशक्ति केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोकुल प्रसाद को मिला गुफा विज्ञान में शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा गरियाबंद द्वारा गोकुल प्रसाद को प्राणीशास्त्र विषय के अंतर्गत गुफा विज्ञान में इंपैक्ट ऑफ एक्सटर्नल इकोसिस्टम इन द इंटर्नल इकोसिस्टम ऑफ फुलझर केव गरियाबंद छत्तीसगढ़ इंडिया ए कंपैरिजन ऑफ बायोटिक एंड एबायोटिक कंपोनेंट विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान किया गया है। शोधार्थी ने बताया कि यह विषय बहुत ही रोचक है तथा बहुत कम लोग गुफा विज्ञान जैसे विषय में पीएचडी करते है। गुफा अध्यन के दौरान गुफा में पाए जाने वाले जीव जंतु, गुफा की पारिस्थितिकी का अध्ययन एवं उनका संरक्षण करना है। वर्तमान समय में लोगो का प्रकृति के प्रति झुकाव होते जा रहा है। इसे देखते हुए गरियाबंद जिले का फुलझर अच्छा पर्यटन का स्थल बन सकता है। इस शोधकार्य को पूर्ण करने में उनके शोध निर्देशक डॉ. जयंत बिस्वास जो की गुफा वैज्ञानिक है उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ज्ञात हो कि



गोकुल प्रसाद वर्तमान में आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) छुरा, गरियाबंद छत्तीसगढ़ में सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें पीएचडी उपाधि मिलने पर उनके परिवारजनों, मित्रों तथा आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष, कुलपति, कुलसचिव, अकादमिक अधिष्ठाता, अनुसन्धान एवं विकास प्रकोष्ठ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दी है।

## पेज 9 के शेष...

### राजिम में महानदी...

विश्वास के साथ अस्थि विसर्जन करने पहुंचते है। मगर इन तीनों नदी का क्या हाल है यह आप इन तस्वीरों से देख सकते है। जिस तरह से पैरी और सोढुर नदी का बुरा हाल है कहीं उससे सौ गुणा ज्यादा महानदी का है। महानदी का उदगम सिहावा पहाड़ के श्रृंगी ऋषि के तप स्थल से हुआ है। इसे जीवन दायिनी नदी कहते है जो आज की स्थिति में बंजर से कम नहीं है। ये वहीं नदी है जहां आज से 25 साल पहले धार बहती थी और इस निर्मल धार में यदि सिक्के उछाल दो तो वह भी साफ नजर आता था। क्या कारण है कि आज नदी का बुरा हाल हो गया है। देश में और प्रदेश में सरकार चाहे किसी का भी रहा हो राजिम के इन नदियो के सफाई के प्रति जरा भी ध्यान नहीं दिया गया। लोग दूर-दूर से यहां आते है और महानदी को बंजर देखकर दुखी हो जाते है। शनिवार 30 दिसंबर को पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान सफाई पर जोर दिया है तो उम्मीद की जा रही है कि छत्तीसगढ़ के इस पावन स्थल की सफाई के लिए न केवल छत्तीसगढ़ सरकार बल्कि यहां से चुने हुए जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन भी ध्यान अवश्य देगी।

**सफाई का नामोनिशान नहीं-** तस्वीर में महानदी को बंजर और मैदान के रूप में देखकर हर किसी के आंखो से आंसू निकल पड़ता है। नदी के घाटों की हालत आप देख लीजिए और तो और यहां पांच एनीकट भी तीन किमी के दायरे में बना हुआ है मगर किसी काम का नहीं है। गंदगी जी भरके है। सफाई का नामोनिशान नहीं। विभाग के अधिकारी अपने एनीकटो को झांकने भी नही आते और न ही पानी रहता है। सिर्फ मेले के समय वो भी माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक सिकासार जलाशय से पानी छोड़ा जाता है वही पानी नजर आता है।

### कबड्डी प्रतियोगिता...

के अंदाज से दर्शक दीर्घा काफी प्रभावित हुए। आज फाइनल मैच के लिए मैदान साज सज्जा के लिए हैप्पी नवयुवक क्लब के सदस्य तल्लीनता के साथ जुटे हुए है। हेप्पी नवयुवक क्लब के अध्यक्ष बेनिशंकर साहू , उपाध्यक्ष चित्तरंजन, तेजराम, पुर्णानंद दुष्यंत साहू, लक्ष्मी नारायण,गोपेश खेमु, लोकनाथ, हेमन्त, वेदप्रकाश नगारची,देवा,टीकू,नेमु,गिरवर व्यवस्था में विशेष सहयोग कर रहे हैं। वही 31दिसम्बर को आयोजन का समापन होगा। जिसके मुख्यातिथि जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राहूल सेन, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित,राजु साहू, ओमकार साहू,मनोज यादव,लीला राम सेन होगें।

**न्यायालय तहसीलदार मैनपुर
जिला गरियाबदं (छ.ग.)
// सूचना //**

रा.मा.क्र.- 202310222100028 अ / 6

प्रति,
श्री कमल त्रिवेदी पिता स्व. देवनारायण
पैतृक निवास :- नहानबिरी
तहसील - मैनपुर
जिला गरियाबंद (छ.ग.)
वर्तमान निवासीः- रायपुर, जिला-रायपुर

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम नहानबिरी तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद के मूलभूमिस्वामी स्व. पुष्पलता पति स्व. देवनारायण जाति ब्राम्हण के द्वारा ख.नं. 11, 26, 46, 48, 144, 145, 279 रकबा क्र. 5.94, 0.45, 1.21, 0.10, 0.47, 1.25, 0.63 हे. कुल खसरा नं0 07 कुल रकबा 10.05 हे. भूमि को संजय त्रिवेदी पिता स्व. देवनारायण के पास वसीयतनामा किया गया है। प्रकरण न्यायालय में कार्यवाही कर निराकरण हेतु लंबित है। आपका वर्तमान निवास पता की सही सही जानकारी प्राप्त नहीं होने के कारण दैनिक समाचार के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि आप आगामी पेशी तिथि 10/01/2024 को उक्त वसीयतनामा के संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अनुपस्थित होने पर एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

तहसीलदार
मैनपुर (छ.ग.)

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# नहीं हुई सफाई, गंदगी से पटता जा रहा ऐतिहासिक निस्तारी तालाब

## जनपद पंचायत साफ - सफाई पर नहीं दे रहा ध्यान, लोगो में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोगो को निस्तार के लिए ठंड के इन दिनों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मैनपुर नगर में दो ऐतिहासिक तालाब है लेकिन दोनों तालाब पुरी तरह कचरा, जलकुंभी और घांस फूस तथा गदंगी से भरा पड़ा है जिसके कारण मैनपुर नगर के लोगों को निस्तार के लिए अभी से जुझना पड़ रहा है और इस दोनों तालाब की सफाई के तरफ न तो ग्राम पंचायत प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही जनपद पंचायत जिसके चलते नगर के लोगों में भारी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय प्रशासन केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखा रहे है, केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत गांव- गांव में स्वच्छता रथ पहुंचकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत के माध्यम से स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपये खर्च किया जा रहा है।

इसके बावजूद तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत मैनपुर का ऐतिहासिक निस्तारी तालाब कचरा और गदंगी से पटा है और तो और शाम के वक्त यहां के पचरी जहां लोग स्नान करते है वह शराबियों का अड्डा बन जाता है। शराबियों के द्वारा शराब पीकर दारू के बोतल को यहां तोड़फोड़ किया जाता है, जिसके कारण तालाब की स्थिति बेहद खराब हो गई है।



### शिकायत के बाद भी नहीं की सफाई

मैनपुर के तालाब में सौन्दर्यीकरण के नाम पर ग्राम पंचायत को लाखों रूपये दिया गया था। तालाब पूरी तरह कचरा और गदंगी से भर गया है मैनपुर के लोगों ने कई बार तालाब में सफाई की मांग कर थक चुके है, लेकिन इस ओर न तो ग्राम पंचायत ध्यान दे रहा है और न ही जनपद पंचायत यहा तक की नगर के लोगों को शोक कार्यक्रम में तालाब में स्नान करने में भी भारी परेशानी हो रही है, मैनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक रामकृष्ण ध्रुव, त्रिभुवन पटेल, बलदेव नायक, विरेन्द्र श्रीवास्तव, धनेश्वर पटेल, रूद्रेश्वर साहू, सोतन सेन, थानुराम पटेल, हरिश्वर पटेल, मुकेश सिन्हा, योगेन्द्र यादव, शिव त्रिपुडे, शिशुपाल नायक, हेमलाल नागेश, आलोक गुप्ता, नरेश सिन्हा, दिनेश सचदेव, दिनेश सिन्हा, दीपक यादव सहित नगर के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा से मांग किया है कि मैनपुर तालाब की साफ - सफाई एंव ग्रामीणों को निस्तारी जल उपलब्ध कराने के लिए जनपद एंव पंचायत प्रशासन को निर्देशित किया जाये।

---

## समस्या : पाइपलाइन शिफ्टिंग में पीडब्लूडी ने 1 करोड़ रूपये दी पर पीएचई विभाग गंभीर नहीं

# सड़क चौड़ीकरण में पाइपलाइन फूटने से निर्माण व पानी सप्लाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





नेशनल हाइवे में लगातार बढ़ते गाड़ियों का अंबार और शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां सड़क चौड़ीकरण का काम हो तो रहा है। मगर ये पूरा कब होगा इसे कुछ कहा नहीं जा सकता? दो महिना बाद राजिम का सुप्रसिद्ध कुंभ मेला शुरू होने जा रहा है। इस मेले में दूर-दूर से लोग शामिल होने आते है। माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि की भीड़ तो कई लाखो में होती है। दोपहर से लेकर देर रात तक हजारो गाड़ियां जाम में फंस जाती है। 15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रदेश के कई जिले से लोग अपने मित्रों और परिवार के साथ पहुंचते है। ऐसे में इस बार क्या हाल होगा? क्योंकि आज की तारीख में ही हर पल ऐसे ही जाम लग रहा है फिर मेले के दौरान तो बहुत ही बुरा हाल होगा। सड़क चौड़ीकरण का काम अब तक हो जाना था। कुछ तो बारिशकाल ने रोका और बहुत कुछ ठेकेदार की लापरवाही ने। रहा-सहा कसर पीएचई विभाग ने पूरा कर दिया। इस विभाग के गैर जिम्मेदार अफसरो की वजह से सड़क के काम में लेटलतीफी हुई है कहें तो कोई गलत नहीं होगा। चूंकि नेशनल हाइवे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी चौड़ीकरण के इस काम में रूचि तो दिखाते है मगर वे रोज-रोज के पाइपलाइन टुटने से मजबूर हो जाते है। जब तक पाइपलाइन नहीं बन पाता तब तक वे न तो मुरूम डाल पाते है और न ही गिट्टी? सड़क के नीचे बिछी पाइपलाइन को किनारे शिफ्टिंग के लिए पीडब्लूडी ने 1 करोड़ की राशि पीएचई को डेड़ साल पहले ही दे चुके है। बावजूद पीएचई द्वारा इस काम को गंभीरता से नहीं किया गया। जिसका खामियाजा नगर की जनता तो भोग ही रही है ऊपर से सड़क चौड़ीकरण का काम भी प्रभावित हो रहा है। यदि पीएचई विभाग गंभीरता के साथ सड़क निर्माण काम शुरू होने के पहले इसे कर देता तो ऐसी नौबत हर्गिज नही आती। सड़क का काम भी कब का पूरा हो जाता और जनता तथा पालिका प्रशासन को परेशानियो का सामना भी नही करना पड़ता।

### आए दिन टूट रही पाइपलाइन

इस संबंध में पीएचई के अफसरो से विभाग का पक्ष जानने फोन लगाओ तो वे रिसीव्ह नहीं करते। तस्वीर बयां कर रही है कि पाइपलाइन के लगातार टुटते रहने की वजह से ये नौबत आ रही है। यदि पीएचई का यही रवैया रहा तो मेले के पहले क्या ये सड़क 6 महिना तक बन पाने में कामयाब नहीं होगा। इधर पीडब्लूडी के अफसरो का कहना है कि वे ठेकेदार के ऊपर सड़क चौड़ीकरण के काम को जल्द पूरा करने के लिए लगातार दबाव बनाए हुए है। लेट का वजह साफ है कि आए दिन पाइपलाइन टुटती है इसे बनने में टाइम लगता है लिहाजा काम को ब्रेक करना पड़ता है। ठीक इसी तरह नगर पालिका के सीएमओ भी काफी परेशान रहते है। पाइप टुटता है तो नलो से पानी नहीं मिल पाता,लोग परेशान हो जाते है और हम लोग भी टेंशन में आ जाते है। पालिका प्रशासन ने भी इसके लिए पीएचई को ही जिम्मेदार माना है। अब तो पीएचई,पीडब्लूडी और नगरीय प्रशासन विभाग भी डिप्टी सीएम अरूण साव के पास है। इसलिए तीनों विभाग के अफसरों को आपस में तालमेल बिठाकर तत्परता के साथ काम करना ही पड़ेगा।

---

# कुल्हाडीघाट में सिविक एक्शन प्रोग्राम का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय से लगभग 55 किमी दूर अति दुर्गम घने जंगल एवं पहाड से आच्छादित घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुल्हाडीघाट, तहसील मैनपुर में तैनात 65 बटालियन की एफ कम्पनी में कमाण्डेन्ट विजय कुमार सिंह के निर्देशन में एक सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में स्थानीय जनता से बल के जवानों के मध्य संबंधों को मधुर एवं प्रगाढ़ बनाने के साथ-साथ आपस में सामंजस्य स्थापित करने की एक नई पहल की शुरुआत की गई। बल के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करके स्थानीय नागरिकों के दिल में देश की एकता, अखण्डता, सुरक्षा, शांती व्यवस्था बनाये रखने तथा देश के विकाश में प्रत्येक नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा के महत्व के बारे में जानने को भावना जागृत की जाती है। बटालियन की एफ कम्पनी के जवानों द्वारा स्थानीय नागरिकों को शाम को भोजन करवाया गया, साथ ही देश भक्ती पर आधारित फिल्म दिखाया गया। इस मौके पर इमरान खान, सहायक कमाण्डेन्ट बीएल सिंह, एसडीपीओ मैनपुर कमार समाज के राष्टोय स्तर के सचिव श्री बन सिंह सोरी ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट सरपंच धनमति सोरी एवं अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ बटालियन के आला अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

---

# समूह की महिलाओं को मिली सफाई गाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

क्षेत्र के ग्राम संगठन समूह की महिलाओं को सफाई सायकल वितरण किया गया। इसमें सरकड़ा की महिलाओं को तीन कूड़ादान रिक्शा सायकल दिया गया है। जिसमें सुबह से संगठन समुह की महिलाएं घरों घर जाकर कचरा को कूड़ादान में डालने घर के बाहर गन्दगी न करने घर एवं अपने आस पास को स्वच्छ रखने ताजा भोजन करने की सलाह घरों घर जाकर किया जा रहा इसमें ग्रामीण धनेश्वरी, सावित्री, देवकी, नर्मदा, मालती, प्रमिला, कुमारी, चैती बाई, सुखिन व मानकुंवर आदि महिलाएं मुख्य रूप से जुड़ी है और कचरा को कूड़ादान में डालने घरों घर जाकर कचरा कूड़ादान में डालने प्रेरित कर रही है।

---





# छात्र- छात्राओं ने विकसित भारत 2047 पर विविध प्रस्तुति दी

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय जामगांव में बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के द्वारा साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत विकसित भारत 2047 पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की संचालिका उषा शर्मा के सानिध्य में यह कार्यकम सुचारू रूप से किया गया।

कार्यकम का प्रारंभ माँ सरस्वत्ती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त छात्र–छात्राओं के द्वारा विकसित भारत 2047 पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक गीत,भाषण, कविता, वाद–विवाद, रंगोली एवं पोस्टर की प्रस्तुती दी गई। कार्यकम में छात्र–छात्राओं की प्रस्तुति सराहनीय रही तथा महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा विकसित भारत 2047 पर छात्र–छात्राओं को संदेश देने के साथ प्रोत्साहित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। उक्त कार्यकम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

---

# घासीदास बाबा ने लोगों को सत्य की राह पर चलने की प्ररेणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलोमीटर दुर ग्राम धवलपुर में समस्त सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरू घासीदास की जयंती आज शनिवार को धुमधाम के साथ मनाई गई। दोपहर 03 बजे शोभायात्र निकालकर पालों चढाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, विशेष अतिथि जनपद सभापति श्रीमती चंदा बारले, सरपंच नारद ध्रुव, अल्पसंख्यक विभाग के गरियाबंद जिलाध्यक्ष हबीब मेमन, पंच लखनगिरी गोस्वामी, यशवंत यादव, तुलेश राजपुत, नथन यादव, बिम्बेश्वरी ठाकुर, प्रिति कपील, महेन्द्र नागेश, गुजरात कमलेश, नुतन मरकाम, कन्हैया ठाकुर, कुलेश सिन्हा, गोंविद नायक, बजरंग यादव, रामलाल निशाद, अध्यक्षता मिठ्ठु राम महिलांग, हेमलाल बारले विशेष रूप से उपस्थित थे सर्वप्रथम गुरू घांसीदास बाबा की पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृध्दि और खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोके"वरी नेताम ने कहा कि आज धवलपुर में समस्त सतनाम समाज द्वारा गुरू घांसीदास जयंती मनाई जा रही है।

इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज में जहां एकता और भाईचारा बनी रहती है, वहीं समाज में आपसी समरस्ता देखने को मिलता है। विशेष अतिथि जनपद सदस्य चंदा बारले ने कहा कि गुरू घांसीदास बाबा ने समाज को और सभी लोगों को सत्य की राह पर चलने की प्ररेणा दी उन्होने समाज में एक नई जागृति लाई, श्रीमती बारले ने आगे कहा कि गरू घांसीदास बाबा की सत्य के प्रति अटुट आस्था की वजह से ही बचपन में कई चमत्कार दिखाये जिसका लोगो पर काफी प्रभाव देखा जा रहा है, सतनाम समाज सब को मिलजुलकर रहने की सीख देती है। अल्पसंख्य विभाग के गरियाबंद जिलाध्यक्ष हबीब मेमन ने कहा कि आज हम सब को चाहिए कि गुरू घांसीदास बाबा के बताये रास्तों पर चलकर समाज और प्रदेश व देश के विकास में अपना योगदान दे। युवा नेता लखनगिरी गोस्वामी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए गुरू घांसीदास जयंती समारोह की सभी को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत सभापति लोके"वरी नेताम ने सेड निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया और समाज के युवक युवतियों द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत की गई।

---

## ग्राम छिदौली में खेल उत्सव का किया गया आयोजन

# कानून ने महिला पुरुष को समान अधिकार दिया: लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा पीएचएफ के सहयोग से छुरा ब्लॉक के उड़ीसा सीमा से लगे ग्राम छिदौली में शनिवार को महिला एवं किशोरियों के लिए खेल उत्सव कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता की छाया चित्र में पूजा अर्चना एवं मंच में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर किया गया। संस्था के सचिव लता नेताम ने कहा खेल के माध्यम से महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि महिलाओं को बहुत सारे बंधन में बंधे होने के कारण संकोच करती है कानून में महिला पुरुष को समान अधिकार दिया है। लेकिन पुरुष प्रधान समाज होने के कारण महिलाओं को अधिकार नहीं मिल पाता लोगों की सोच में बदलाव लाने के लिए खेल उत्सव कार्यक्रम रखा गया है। तत्पश्चत महिला एवं किशोरी कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कबड्डी में प्रथम कोड़ामाल व द्वितीय कोठीगांव तथा किशोरी कबड्डी में प्रथम कोठीगांव व छिदौली टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं किशोरी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### महिला घरेलू हिंसा पर दी जानकारी

बीच - बीच में बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को आकर्षित किया। गरियाबंद जिला पंचायत से लोकपाल श्री हेमनारायण मानिकपुरी जी ने खेल उत्सव कार्यक्रम का सराहना करते हुए बधाई दिया मनरेगा कार्य में से संबंधित जो भी दिक्कत है उस पर आवेदन लगा सकते इस पर बिंदुवार जानकारी दिया गया। सखी सेंटर से रजनी मैडम ने महिला घरेलू हिंसा एवं 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। जिला बाल संरक्षण इकाई गरियाबंद परामर्शदाता प्रेमशंकर यादव ने बच्चो के अधिकार के साथ साथ स्पॉन्सरशिप योजना व 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया । अंतिम कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संस्था के द्वारा प्रोत्साहित किया गया । उक्त कार्यक्रम में ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख, ग्राम छिदौली,दादरगांव, कोठीगांव, कोड़ामाल, पंडरीपानीगोड़ दादरगांव, कोठोगाव, सरपंच तथा जनपद सदस्य श्री मति हेमलता ध्रुव उपस्थित रहें।

---

## खबर संक्षेप

### तहसील के कर्मचारी से मारपीट

**महासमुंद**। बागबाहरा थाना में तहसील कर्मचारी से मारपीट करने का मामला संज्ञान मे लिया गया है। तहसील कार्यालय में माल जमादार पर पदस्थ प्रार्थी महेन्द्र सिंह ध्रुव पिता टहल सिंह ध्रुव 37 साल ने बताया कि शुक्रवार को वह ग्राम मनबाय में किरण धीवर को कब्जा दिलाने गया, जहां पर बागबाहरा निवासी देवेश साहू द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने कि धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 186, 332, 353 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती का अपहरण

**महासमुंद**। ग्राम जोबा थाना तुमगांव के निवासी राजेन्द्र बघेल पिता मनोहर बघेल की नाबालिग युवती को गुलाब मनोहर का घर ग्राम साराडीह से किसी अज्ञात ने बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### देवरानी-जेठानी में मारपीट, काउंटर रिपोर्ट

**महासमुंद**। बसना थाना के ग्राम ठाकुरपाली में जमीन विवाद को लेकर देवरानी-जेठानी के बीच मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। प्रार्थी संजुक्ता प्रधान पति सुदामा ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दुखीश्याम प्रधान, जितेश, बिट्टू और जेठानी दमयंती प्रधान द्वारा अश्लील गाली देते हुए मारपीट किए। वहीं, दमयंती प्रधान ने देवरानी संजुक्ता प्रधान पति दुखीश्याम पर मारपीट का आरोप लगाया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### खरोरा के ग्रामीणों ने किया देवी दर्शन

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के 10 परिवारों ने शीतकालीन अवकाश पर बालाघाट, कुबेरेश्रर धाम सीहोर, महाकालेश्वर उज्जैन, काल भैरव, हरि सिहीकी, घटकनिका, मंगल मंदिर, संदीपनी, आश्रम, बड़ा गणेश, ओंकारेश्वर धाम, ममलेश्वर मंदिर, शारदा मंदिर मैहर, नर्मदा उदम स्थल अमरकंटक, रतनपुर मंदिर में देवी दर्शन किया गया।

### सिंघनपुर में मड़ई मेला आज

**महासमुंद**। सिंघनपुर (झलप) में 31 दिसम्बर रविवार को 04 बजे से मड़ई मेला का आयोजन किया गया। रात्रि कार्यक्रम में लोक कला मंच जोहार ग्रुप रायपुर (सिंगर प्रीतम टाण्डी) की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

### खरोरा में मनाया गया गणेश चतुर्थी व्रत

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। उमा साहू, महेश्वरी चन्द्राकर, बेदन बाई चन्द्राकर, सुमन यादव, अल्फु साहू, मालती पटेल, जय साहू, ओमप्रकाश सेन, डेविका साहू, राजकुमरी यादव, खुशबू निषाद, मधु चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि कोई भी कार्य में पहले भगवान गणेश की पूजा अर्चना संपन्न होते हैं। संकष्टी चतुर्थी व्रत का मान्यता है कि इस दिन व्रत और भगवान गणेश की आराधना करने से सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिमलती है। इस साल संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत 30 दिसम्बर को मनाया गया।

### फाइनल मैच में शारदा इलेवन की टीम ने मारी बाजी

**सरायपाली**। अंडर पीसीएस डय्स बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बुढ़ाडोंगर कप 2023 का आयोजन सरस्वती क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी माल्दामाल द्वारा किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001 रुपए एवं ट्राफ़ी ,द्वितीय 5001 रुपए एवं ट्राफ़ी प्रदाय किया गया। फ़ाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल पहुंचें। फाइनल मैच माल्दामाल एवं शारदा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें शारदा इलेवन की टीम ने बाजी मारी। विशिष्ट अतिथि अनिता चौधरी, एसपी चौहान, दशरथी यदु, देवेंद्र भोई उपस्थित रहे।

